31 मार्च 2026
मंगलवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



बक्सर में एलपीजी आपूर्ति सामान्य, घबराने की जरूरत नहीं 2



## एक नजर

### भीषण सड़क हादसा तीन महिलाओं की मौत

**हनुमानगढ़।** जिले के नोहर कस्बे में सोमवार शाम एक भीषण सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 12 लोग घायल हो गए। हादसा भद्रकाली बाइपास पर उस समय हुआ, जब एक एसयूवी और क्रूजर गाड़ी की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। जानकारी के अनुसार, क्रूजर गाड़ी में सवार लोग हरियाणा के बरढाना गांव से शोक संवेदना व्यक्त कर अपने गांव बुधवालिया लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एसयूवी कार से भिड़ंत हो गई। हादसे में क्रूजर सवार तीन महिलाओं की जान चली गई। मृतकों की पहचान राजबाला (40) पत्नी लक्ष्मणराम, रोशनी (48) पत्नी सागर मल और कलावती (40) पत्नी राजेंद्र के रूप में हुई है। इनमें से दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

### ईरान युद्ध के बीच भारत-रूस की अहम बैठक

**नई दिल्ली।** भारत और रूस ने दिल्ली में अहम विदेश कार्यालय परामर्श बैठक की। सोमवार को विदेश सचिव विक्रम मिसरी और रूसी उप विदेश मंत्री एंड्रे रुडेन्को ने साझा अध्यक्षता की।जब पूरी दुनिया पश्चिम एशिया की जंग पर नजरें गड़ाए है, उसी वक्त भारत और रूस ने दिल्ली में एक अहम बैठक की। सोमवार को विदेश सचिव विक्रम मिसरी और रूस के उप विदेश मंत्री एंड्रे रुडेन्को ने विदेश कार्यालय परामर्श बैठक की साझा अध्यक्षता की। यह बैठक ऐसे वक्त हुई जब मध्य-पूर्व में हालात लगातार बिगड़ रहे हैं और दुनिया के बड़े देश अपनी-अपनी चालें चल रहे हैं।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि दोनों देशों ने अपनी खास और विशेष रणनीतिक साझेदारी के पूरे दायरे की समीक्षा की।दोनों तरफ से द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर एक दूसरे के नजरिए साझा किए गए। सीधे शब्दों में कहें तो भारत और रूस ने यह देखा कि उनके रिश्ते किस मुकाम पर हैं, दुनिया में क्या हो रहा है और आगे क्या करना है।

# लोकसभा में पास हुआ दिवालिया इन्सॉल्वेंसी और बैंकरप्सी बिल

- दिवालिया प्रक्रिया अब तेज पारदर्शी और प्रभावी बनेगी
- एमएसएमई को भी कानून के दायरे में लाया जाएगा
- मुकदमेबाजी कम होगी निश्चित समय सीमा तय की गई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा ने आज दिवालिया इन्सॉल्वेंसी व बैंकरप्सी कानून (आईबीसी) में व्यापक संशोधन वाला विधेयक पास कर दिया। इस विधेयक में दिवालिया प्रक्रिया को और तेज, पारदर्शी तथा प्रभावी बनाने के प्रावधान किये गये हैं, जैसे हर दिवालिया प्रक्रिया को एक निश्चित समय सीमा के तहत पूरा करना, अदालत के बाहर भी समझौते के जरिए दिवालिया प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने का विकल्प और दूसरे देशों में दिवालिया प्रक्रिया को लागू करना शामिल किया गया है। वित्त एवं कारपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 2016 में लागू हुई आईबीसी ने देश के बैंकिंग सेक्टर को नई मजबूती दी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हाल के वर्षों में बैंकों की मजबूत स्थिति का श्रेय काफी हद तक आईबीसी को जाता है। नए संशोधनों के जरिए अब छोटे और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को भी इस कानून की मुख्यधारा में लाया जाएगा, ताकि वहां भी वित्तीय विवादों का तेज समाधान लागू हो सके। सीतारमण ने लोकसभा में बताया कि आईबीसी, 2016 में कुल 12 संशोधन किए जा रहे हैं। यह विधेयक हितधारकों का मूल्य अधिकतम करने, शासन प्रक्रिया सुधारने और व्यावहारिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए लाया गया है। इसमें दिवालिया को लेकर वैश्विक स्तर पर चल रही कुछ बेहतर प्रथाओं को भी शामिल किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि आईबीसी में व्यापक मुकदमेबाजी मुख्य देरी का कारण रही है। नए प्रावधानों से इसे रोका जाएगा, हितधारकों का मूल्य अधिकतम होगा और प्रक्रिया सुचारू बनेगी। यह छोटे-मझोले उद्योगों सहित पूरे कारोबारी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूती देगा।

### दिसंबर में सौंपी थी रिपोर्ट

समिति ने दिसंबर 2025 में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी और इसकी सभी सिफारिशों को केंद्र ने स्वीकार कर लिया है। संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट में विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं से मेल खाने के लिए ग्रुप और क्रॉस-बार्डर इंसाल्वेंसी को सक्षम बनाने वाले फ्रेमवर्क बनाने की सिफारिश की थी। इससे विदेशी निवेश आकर्षित करने में मदद मिलने की बात कही गई थी।वित्त मंत्रालय ने बताया है कि एमएसएमई के लिए विशेष प्रावधान पहले से मौजूद हैं, लेकिन नए संशोधन उन्हें और मजबूत बनाएंगे। एमएसएमई को आईबीसी की धारा 29ए(सी) और 29अ(एच) के तहत अयोग्यता से छूट दी गई है, जिससे मौजूदा प्रमोटर अपने व्यवसाय को बचाने में भाग ले सकें।

# 16 साल बाद होगी जनगणना 34 लाख कर्मियों को जिम्मा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

16 साल बाद हो रही जनगणना का जिम्मा 30 लाख कर्मियों को दिया गया है। पहली बार जाति का भी सवाल शामिल है। जनगणना के इस देशव्यापी अभियान के बारे में आज भारत के महापंजीयक (आरजीआई) और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नागरिकों की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। ऑनलाइन ब्योरा भरने के लिए उन्हें 15 दिनों का डिजिटल विंडो दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनगणना की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। पहले चरण में घरों की गणना (हाउसलिस्टिंग) होगी। हाउसिंग जनगणना (एचएलओ) का काम अप्रैल से कई राज्यों में शुरू होगा। पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में अतिरिक्त समय दिया जाएगा। जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहेगा। इसका उपयोग किसी भी योजना के लाभ के लिए या साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकेगा। 16वीं जनगणना का पहला चरण अप्रैल में दिल्ली सहित कुछ राज्यों में शुरू होने वाला है। दिल्ली में जनगणना 16 अप्रैल से 15 मई तक आयोजित की जाएगी।

## घुसपैठ केवल चुनावी नहीं, राष्ट्रीय सुरक्षा का गंभीर मुद्दा

# घुसपैठ सिर्फ चुनावी मुद्दा नहीं, यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला : पीएम मोदी



- भाजपा की डबल-इंजन सरकार ने असम में शांति सुनिश्चित की
- कांग्रेस ने घुसपैठियों को अवैध भूमि कब्जाने दिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि असम में घुसपैठ केवल चुनावी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह राज्य की अस्मिता की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है। असम में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य ने लंबे समय तक अस्थिरता का दौर देखा, लेकिन पिछले एक दशक में हालात बदले हैं, क्योंकि भाजपा की डबल-इंजन सरकार ने राज्य में शांति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को असम में पिछली कांग्रेस सरकारों के कुशासन के बारे में आगाह करने की जरूरत है कि छोटी गलती भी राज्य को पीछे धकेल सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राज्य में पार्टी के लिए हैटट्रिक सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, जहां-जहां घुसपैठिए बसते हैं, वे छोटे व्यवसायों और स्थानीय निवासियों की आजीविका पर कब्जा कर लेते हैं। कांग्रेस ने घुसपैठियों को अवैध तरीके से भूमि कब्जाने दिया। पार्टी कार्यकताओं से सीधे संवाद के लिए आयोजित कार्यक्रम 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं को अवैध भूमि कब्जाने के मामलों और स्थानीय निवासियों की समस्याओं के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। लोगों को पता होना चाहिए कि कांग्रेस ने अतिक्रमण होने दिया, जबकि भाजपा अधिकारों की रक्षा कर रही है।प्रधानमंत्री ने कहा, कार्यकर्ता लोगों को को याद दिलाएं कि कांग्रेस सिर्फ कागजों पर समझौते करती थी। हमने वह दौर देखा है जब असम हिंसा में जल रहा था, लेकिन पिछले दशक में स्थिति बदली है और आज राज्य में आत्मविश्वास दिख रहा है।

### विभिन्न संगठनों के साथ 12 शांति समझौते

पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ 12 शांति समझौते किए गए हैं। मोदी ने कहा, कांग्रेस शासन के दौरान उग्रवादी और छात्र संगठनों के साथ कोई समझौता सफल नहीं हुआ। भाजपा ने शांति स्थापित करने और युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने के लिए काम किया है और समझौतों को ईमानदारी से लागू किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने बोडो क्षेत्रों की संस्कृति को समृद्ध बताते हुए कहा कि दशकों तक कांग्रेस ने इस क्षेत्र की अनदेखी की। बोडोलैंड कभी कर्फ्यू और बम धमाकों से जूझता था, लेकिन आज वहां शांति है। एआई वीडियो से लोगों को सावधान करेंप्रधानमंत्री ने भाजपा कार्यकताओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) से बने वीडियो से लोगों को सावधान करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ऐसे कार्यक्रम आयोजित करें जहां व्हसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हुए लोगों के अनुभव साझा किए जा सकें।

# देश अब नक्सलवाद से मुक्त, गोली का जवाब गोली से मिलेगा : अमित शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**



देश की संसद के लिए आज का दिन काफी अहम रहो मोदी सरकार की नक्सलवाद के खात्मे को लेकर दी गई डेडलाइन कल पूरी हो रही है इससे पहले आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में नक्सलवाद पर चर्चा में हिस्सा लियो संसद सत्र में लोकसभा के नियम 193 के तहत नक्सलवाद पर चर्चा हुईं अमित शाह इस दौरान कुख्यात नक्सलियों के अंत और उनके मुख्यधारा में लौटने,सुरक्षा बलों की भूमिका और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों की समीक्षा भी कीं ज्ञात हो कि अमित शाह ने एक साल पहले घोषणा थी कि 31 मार्च 2026 को देश से नक्सलवाद के अंत की तारीख होगी इसपर छत्तीसगढ़, झारखंड, तेलंगाना, गढ़चिरौली, बालाघाट जैसे नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों के साहस और पराक्रम ने काफी सुधार लाया है गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हम लोकतंत्र में हैं, हमने इस देश के संविधान को स्वीकार किया है अन्याय किसी के साथ भी हो सकता है, विकास कहीं पर भी कम ज्यादा हो सकता है मैं पूछना चाहता हूं कि आप अपनी लड़ाई संवैधानिक तरीकों से लड़ेंगे या हाथ में हथियार लेकर निदोषों को मार डालेंगे किस थ्योरी का यहां से समर्थन हो रहा थो अगर आप धमकाना चाहते हैं कि ये होगा तो ये भी हथियार उठाएंगे, वो होगा तो वो भी हथियार उठाएंगे लेकिन कान खोलकर सुन लीजिए... ये डरने वाली सरकार नहीं है, सभी के साथ न्याय करने वाली सरकार है।

# चुनाव खत्म होते ही गैस-कैश देना बंद कर देगी भाजपा : सीएम

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बेलदा में एक बड़ी चुनावी रैली की। इस रैली में उन्होंने भाजपा की नीतियों पर जमकर निशाना साधा। ममता बनर्जी ने जनता को चेतावनी देते हुए कहा, भाजपा चुनाव खत्म होते ही गैस और कैश देना बंद कर देगी। उन्होंने इसे भाजपा की एक सोची-समझी चाल और चुनावी खेल करार दिया। ममता बनर्जी ने भाजपा पर समाज को बांटने का गंभीर आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच नफरत और झगड़े पैदा कर रही है। मुख्यमंत्री के अनुसार, भाजपा इस तनावपूर्ण स्थिति का फायदा उठाकर देश को लूटना चाहती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भाजपा के बहकावे में न आएं। ममता बनर्जी ने साफ किया कि भाजपा केवल सत्ता के लिए लोगों को आपस में लड़ाने का काम कर रही है और चुनाव के बाद वह अपने वादों से मुकर जाएगी। ममता बनर्जी ने गृह मंत्री अमित शाह की राजनीतिक चार्जशीट का जवाब देते हुए कहा, पहली चार्जशीट तो प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के खिलाफ होनी चाहिए, जो दंगे भड़काकर सत्ता में आए। ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा हिंदू-मुस्लिम से लेकर प्रशासन और पुलिस तक को बांटने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने भाजपा के कहने पर कई काबिल अधिकारियों को हटा दिया है, जो अधिकारियों का अपमान है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा किसी धर्म से प्यार नहीं करती, वह सिर्फ ढोंग करती है। उन्होंने कहा, जिस तरह से वे देश चला रहे हैं, मुझे लगता है कि उन्हें एक या दो महीने के भीतर दिल्ली से भागना पड़ेगा।






# ब्रह्मपुर नगर पंचायत का 62.50 करोड़ का बजट प्रस्तावित, विकास कार्यों पर रहेगा जोर



**सड़क, जलापूर्ति, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता**

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

नगर पंचायत ब्रह्मपुर ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 62 करोड़ 50 लाख रुपये का बजट प्रस्तावित किया है। यह बजट नगर क्षेत्र के समग्र विकास, आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। प्रस्तावित बजट में विभिन्न विकास योजनाओं के लिए पर्याप्त राशि का प्रावधान किया गया है, जिससे शहर के बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत की कुल अनुमानित आय 56.64 करोड़ रुपये रखी गई है, जबकि कुल व्यय 62.50 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। सीमित आंतरिक संसाधनों को देखते हुए नगर पंचायत ने राज्य और केंद्र सरकार से मिलने वाले अनुदान पर विशेष भरोसा जताया है, ताकि विकास योजनाओं को गति दी जा सके। बजट में सड़क और नाला निर्माण, शहरी जलापूर्ति, सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता एवं ठोस कचरा प्रबंधन जैसे आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा नगर क्षेत्र में सामुदायिक भवनों का निर्माण, ग्रीन पार्क का विकास, वेंडिंग जोन की स्थापना तथा बस स्टैंड के उन्नयन जैसी योजनाएं भी शामिल की गई हैं। घाट और श्मशान घाट के विकास, वाटर एटीएम की स्थापना और मल्टी स्टोरी शौचालय निर्माण को भी बजट में स्थान दिया गया है। महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पिंक टॉयलेट के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया है। साथ ही नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया है। नगर सौंदर्यीकरण, पौधारोपण और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जल-जीवन हरियाली योजना के तहत भी विशेष प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों के वेतन, प्रशासनिक खर्च, संचालन एवं रखरखाव तथा विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रमों के लिए भी बजट में राशि निर्धारित की गई है। नगर पंचायत प्रशासन का कहना है कि यह बजट शहर के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, बजट के प्रभावी क्रियान्वयन से ब्रह्मपुर नगर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था में सुधार होगा, बुनियादी सुविधाएं मजबूत होंगी और नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। नगर पंचायत को उम्मीद है कि प्रस्तावित योजनाएं धरातल पर उतरने के बाद शहर के विकास को नई दिशा मिलेगी और लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा।

## 27 गैस एजेंसियों के माध्यम से नियमित वितरण

# बक्सर में एलपीजी आपूर्ति सामान्य, घबराने की जरूरत नहीं

**83 हजार से अधिक सिलेंडर बांटे गए, कालाबाजारी पर सख्ती, शिकायतों का त्वरित समाधान**




**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की कमी की स्थिति का सामना नहीं करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गैस की उपलब्धता पर्याप्त है तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।

जिले में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के अंतर्गत कुल 27 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं। इन एजेंसियों के माध्यम से 13 से 29 मार्च तक कुल 83,649 गैस सिलेंडरों का वितरण उपभोक्ताओं के बीच किया जा चुका है। वहीं 29 मार्च तक एजेंसियों के पास 2,630 सिलेंडर का भंडार उपलब्ध है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनी हुई है।

आंकड़ों के अनुसार जिले में प्रतिदिन औसत मांग 6,419 सिलेंडर की है, जबकि औसतन 5,889 सिलेंडर की आपूर्ति हो रही है। वर्तमान में 24,057 रीफिल बुकिंग लंबित हैं, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से वितरित किया जा रहा है। लंबित बुकिंग का औसत बैकलॉग लगभग 4.1 दिन का बताया गया है, जिसे शीघ्र समाप्त करने का प्रयास जारी है। गैस वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रशासन ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत शहरी क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ता अपने अंतिम सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिनों बाद ही नया सिलेंडर बुक करा सकते हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए यह अवधि 45 दिन निर्धारित की गई है। इस व्यवस्था का उद्देश्य अनावश्यक बुकिंग पर रोक लगाना और सभी उपभोक्ताओं तक समान रूप से गैस उपलब्ध कराना है।

जिला प्रशासन ने यह भी बताया कि प्रतिदिन मांग के अनुरूप एलपीजी की आपूर्ति जिले को प्राप्त हो रही है, जिससे किसी प्रकार की कमी की स्थिति उत्पन्न नहीं हो रही है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और गैस एजेंसियों के बाहर अनावश्यक भीड़ न लगाएं।

वहीं कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। जिले के वरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी लगातार गैस एजेंसियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की भौतिक जांच कर रहे हैं। जांच के दौरान जिन प्रतिष्ठानों में अनियमितता या गैस सिलेंडर की अवैध जमाखोरी पाई जा रही है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। एलपीजी आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या या सूचना के लिए उपभोक्ता दूरभाष संख्या 06183-223333 पर संपर्क कर सकते हैं। 29 मार्च तक नियंत्रण कक्ष में कुल 486 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 423 शिकायतों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया है, जबकि शेष शिकायतों पर कार्रवाई जारी है। जिला पदाधिकारी ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे संयम बनाए रखें, अफवाहों से बचें और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि गैस आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित होती

## एक नजर

### वंदे मातरम के 150 वर्ष : बक्सर में गूंजा राष्ट्रभक्ति का स्वर

**बक्सर।** वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर बक्सर जिला प्रशासन ने देशभक्ति से ओतप्रोत एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया। समाहरणालय परिसर स्थित सभागार में आयोजित इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में सामूहिक वंदे मातरम गायन ने पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ जैसे ही ह्यवंदे मातरम्ह्न के सामूहिक गायन से हुआ, सभागार में मौजूद सभी अधिकारी, कर्मचारी और आमंत्रित अतिथि भावविभोर हो उठे। एक सुर में उठती आवाजों ने देशभक्ति की अद्भुत अनुभूति कराई। पूरा माहौल मानो स्वतंत्रता संग्राम के उस दौर की यादों से सराबोर हो गया, जब यह गीत क्रांतिकारियों की प्रेरणा का स्रोत बना था। इस अवसर पर जिलाधिकारी साहिला ने उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए ह्यवंदे मातरम्ह्न के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह गीत केवल एक रचना नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का स्वर है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। आज भी यह गीत राष्ट्रभक्ति, एकता और अखंडता का प्रतीक बना हुआ है। जिलाधिकारी ने आगे कहा कि वर्तमान समय में ह्यवंदे मातरम्ह्न की भावना को आत्मसात करना और भी जरूरी हो गया है, ताकि समाज में आपसी भाईचारा, समरसता और देश के विकास के प्रति जिम्मेदारी की भावना मजबूत हो सके। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने एक स्वर में ह्यवंदे मातरम्ह्न का उद्घोष किया और देश की एकता, अखंडता तथा विकास के लिए संकल्प लिया। यह क्षण न केवल प्रेरणादायक था, बल्कि उपस्थित सभी लोगों के मन में देश के प्रति कर्तव्य भावना को और सुदृढ़ करने वाला भी रहा।

समारोह का समापन भी राष्ट्रभक्ति के उसी जोश और उमंग के साथ हुआ, जिसके साथ इसकी शुरूआत हुई थी। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि ह्यवंदे मातरम्ह्न केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के भारत की प्रेरक शक्ति है।

### राजपुर में सियासी परीक्षा में खरे उतरे प्रमुख-उपप्रमुख, अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त

**राजपुर।** राजपुर प्रखंड मुख्यालय के सभा कक्ष में सोमवार को आयोजित विशेष बैठक में सियासी सरगर्मी अपने चरम पर रही, लेकिन अंततः प्रमुख मंजू देवी और उप-प्रमुख मजिदन खातून ने बहुमत की कसौटी पर खुद को साबित कर दिया। उनके खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव संख्या बल के अभाव में गिर गया, जिससे विपक्षी खेमे की रणनीति पूरी तरह नाकाम साबित हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ कुमार की निगरानी में हुई इस अहम बैठक में कुल 26 पंचायत समिति सदस्यों में से महज 15 सदस्य ही उपस्थित हो सके। अविश्वास प्रस्ताव पारित करने के लिए आवश्यक संख्या नहीं जुट पाने के कारण प्रस्ताव स्वतः ही निष्प्रभावी हो गया। परिणाम घोषित होते ही प्रमुख समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और बैठक कक्ष का माहौल उत्साह से भर उठा। दरअसल, बीते दो सप्ताह से प्रखंड की राजनीति में हलचल तेज थी। रसेन पंचायत की बीडीसी राधिका देवी ने प्रमुख पर विकास कार्यों में सहयोग नहीं करने, समय पर बैठक नहीं बुलाने सहित कई गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद 14 सदस्यों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देकर अविश्वास प्रस्ताव लाने की प्रक्रिया शुरू की थी। हालांकि, बैठक के दिन समीकरण पूरी तरह बदलते नजर आए। राधिका देवी के समर्थन में कई सदस्य मौजूद जरूर रहे, लेकिन संख्या ह्यजादुई आंकड़ेह्न तक नहीं पहुंच सकी।

# मैट्रिक परीक्षा में टॉप टेन रैंक लाने वाली पुराना भोजपुर के पूजा का इंटरमीडिएट कोचिंग की फीस भरेंगे कार्यकारी चेयरमैन



**संघर्ष, स्कूल बदलने की मजबूरी और सीमित संसाधनों के बीच हासिल की बड़ी सफलता, अब सिविल सेवा का सपना, कार्यकारी चेयरमैन विकास ठाकुर ने पूजा को किया सम्मानित**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कहते हैं कि अगर हौसले बुलंद हों तो हालात कभी रास्ता नहीं रोक सकते–पुराना भोजपुर की पूजा कुमारी ने इसे सच कर दिखाया है। गन्ने का जूस बेचकर परिवार चलाने वाले पिता की बेटी पूजा ने बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में टॉप-10 में जगह बनाकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे इलाके का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।

आर्थिक तंगी, संसाधनों की कमी और पढ़ाई के दौरान आई बाधाओं के बावजूद पूजा ने हार नहीं मानी। उसकी सफलता की खबर मिलते ही गांव में खुशी का माहौल बन गया। हर कोई उसकी मेहनत और लगन की तारीफ कर रहा है।

पूजा की इस उपलब्धि पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी उसे सम्मानित किया। नगर परिषद के कार्यकारी सभापति विकास ठाकुर खुद उसके घर पहुंचे और उसे सम्मानित करते हुए बड़ा ऐलान किया। उन्होंने पूजा की इंटरमीडिएट की दो साल की कोचिंग फीस खुद उठाने की जिम्मेदारी ली। इस सहयोग ने पूजा के सपनों को नई उड़ान दे दी है।

पूजा की कहानी सिर्फ सफलता की नहीं, बल्कि संघर्ष की भी है। उसकी शुरूआती पढ़ाई संत जोसेफ हाई स्कूल (अब संत जेवियर्स) में हुई थी। लेकिन स्कूल की मान्यता रद्द होने के बाद उसे बीच में ही स्कूल बदलना पड़ा। इसके बाद उसने उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पुराना भोजपुर से अपनी पढ़ाई जारी रखी और दसवीं में शानदार प्रदर्शन किया।

अंकों की बात करें तो पूजा ने हिंदी में 96, संस्कृत में 90 और गणित में 99 अंक हासिल किए हैं, जो उसकी कड़ी मेहनत का प्रमाण हैं। भले ही सीरियल नंबर के आधार पर उसका स्थान 115वां हो, लेकिन मेरिट लिस्ट में टॉप-10 में जगह बनाकर उसने इतिहास रच दिया है।

पूजा के पिता बीरबल चौधरी दिन-रात मेहनत कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि मां रीता देवी गृहिणी हैं। सीमित आय के बावजूद परिवार ने बेटी की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी।

अब पूजा का सपना सिविल सेवा में जाकर समाज की सेवा करने का है। उसकी कहानी आज उन लाखों छात्रों के लिए प्रेरणा है, जो मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद बड़े सपने

# अंतिम दिन भी खुला कार्यालय, चौसा में टैक्स वसूली अभियान तेज



**केटी न्यूज/चौसा**

वित्तीय वर्ष के अंतिम दौर में चौसा नगर पंचायत ने राजस्व संग्रह को लेकर अपनी रफ्तार तेज कर दी है। होल्डिंग टैक्स की वसूली के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अब तक करीब 22 लाख रुपये की राशि एकत्र की जा चुकी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मंगलवार ब्याजमुक्त टैक्स जमा करने का अंतिम अवसर है, जिसके मद्देनजर नगर पंचायत कार्यालय अवकाश के दिन भी खुला रखा गया है। नगर पंचायत के अधिकारियों के अनुसार, बकाया कर वसूली को लेकर इस बार विशेष रणनीति अपनाई गई है। विभिन्न वार्डों में कर्मियों की टीम घर-घर जाकर लोगों को टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित कर रही है। साथ ही, जिन करदाताओं ने अब तक भुगतान नहीं किया है, उन्हें नोटिस जारी कर जल्द से जल्द राशि जमा करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि समय पर टैक्स जमा करने वालों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है, ताकि अन्य लोग भी जागरूक हों और नगर पंचायत की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने बताया कि अंतिम दिन अधिक भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त काउंटर बनाए गए हैं और कर्मचारियों की ड्यूटी भी बढ़ा दी गई है, ताकि किसी को परेशानी न हो।

नगर पंचायत प्रशासन का लक्ष्य है कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले अधिक से अधिक बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित की जाए। इससे नगर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को गति मिलेगी और नई योजनाओं के लिए संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अंतिम समय का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द अपना होल्डिंग टैक्स जमा करें। इससे न केवल उन्हें ब्याज से राहत मिलेगी, बल्कि शहर के समग्र विकास में भी उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी।









# राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल डुमरांव का वार्षिक परिणाम घोषित टॉप 5 में 143 छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी

## किताबी ज्ञान के अलावा तकनीकि व नैतिक शिक्षा देना उनका पहला है उदेश्य : एमडी

- स्कूल के वार्षिक परिणाम के टॉपर्स में छात्राओं का रहा दबदबा
- 6 अप्रैल से शुरू होगा विद्यालय का नया सत्र




**केटी न्यूज/ डुमरांव**

सोमवार को राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल डुमरांव के प्रांगण में क्लास नर्सरी से लेकर 9वीं तक का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। जिसमें लगभग 1100 छात्रों ने टॉप 5 रैंक में 143 छात्र-छात्राओं ने स्थान पर किया है। विद्यालय परिणाम स्कुल के निदेशक ब्रह्म ठाकुर, एमडी सिद्धार्थ ठाकुर व प्रिंसपल वेंकटाशन सुब्रह्मण्यम ने जारी किया है। विद्यायल प्रबंधन के द्वारा टॉप तीन में स्थान पाने वाले छात्रों को मोमेंटों व प्रशसति प्रत्र देकर स्मानित किया गया। वहीं चौथे व पाचवें नम्बर के छात्रों को प्रशसति पत्र देकर समानित किया गया है। परिणाम घोषित होने के बाद निदेशक ब्रह्म ठाकुर सभी उर्त्तीण छात्रों को बधाई दी और कहा कि छात्र जीवन में डिस्पीलीन ही सफलता की कुंजी होती है। वहीं एमड़ी सिद्धार्थ ठाकुर ने कहा कि कहा कि शिक्षक व अभिभावक दोनों के प्रयास से ही छात्रों की प्रतिभा को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने ने कहा कि पारंपरिक शिक्षा के साथ ही तकनीकि शिक्षा आज की जरूरत है। जिसकों ध्यान में रखकर विद्यालय परिवार द्वारा नियमित तौर पर कदम उठाये जाते रहे है। जिससे बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा बाहर आए तथा भविष्य में उन्हें इसका लाभ मिले। ठाकुर ने कहा कि किताबी ज्ञान के अलावा तकनीकि व नैतिक शिक्षा देना उनका पहला उदेश्य है।

### नर्सरी क्लास टॉपर

नर्सरी क्लास में टॉप पांच छात्रों में 98 फिसदी अंक लाने वाली नाव्या गुप्ता,सिया कुमारी, 97 फिसदी अंक प्राप्त करने वाले छात्र अगस्तया तिवारी, 95 फिसदी अंक लाने वाले छात्र आरूश कुमार,मयंक सिंह,साभ्या कुमारी, 94 फिसदी अंक प्राप्त करने वाले छात्र कर्णनिका कुमारी, 91 फिसदी प्राप्त करने वाले दात्र आदिति कुमारी, अनुष्का कुमारी, मयंक कुमार, संस्कार कुमार है।

### क्लास प्रेप टॉपर

प्रेप क्लास में टॉप पांच छात्रों में 100 फिसदी अंक के साथ प्रथम स्थान लाने वाली कर्तिका मौर्या, तान्या सिंह है। जबकि 99 फिसदी अंक के साथ दुसरे स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में सान्वी कुमारी, अनय चतुवेर्दी, समर कुमार सिंह है। वहीं 98 फिसदी अंक के साथ तिसरे स्थान प्राप्त करने वालों में महेनुर खानम,मानवी कुमारी, पीहु कुमारी, रौषनी कुमारी, विषाल मिश्रा, अभिजोत कुमार,कुंदन कुमार है। 97 फिसदी अंक के साथ चौथे रैंक पर नित्या गुप्ता, कपीश तिवारी है। जबकि 95 फिसदी अंक लाकर पाचवें स्थान पर अंशुल राय व गायत्री तिवारी है।

### क्लास 1 ए टॉपर

क्लास 1 ए में टॉप पांच छात्रों में 96 फिसदी अंक लाने वाली वैभव चौबे, दुसरे स्थान पर 92 फिसदी अंक प्राप्त करने वाले विवके पाण्डेय, तिसरे स्थान पर 90 फिसदी अंक प्राप्त करने वाले जय शिव कुमार, प्रिंस कुमार है। वहीं चौथे स्थान पर 89 फिसदी अंक लाने वाले सुर्य कुमार यादव है। जबकि पाचवां स्थान 87 फिसदी अंक लाने वाले उत्तम पटेल है।

### क्लास 1 बी टॉपर

क्लास 1बी में 91 फिसदी अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले वैभव सिंह, कुमार विराट है। 81 फिसदी अंक लाकर दुसरे स्थान प्राप्त करने वाले प्रभाश कुमार सिंह है। 80 फिसदी अंक के साथ तिसरे स्थान पर आदिति कुमारी। चौथे स्थान पर 78 फिसदी अंक लाकर आर्दश प्रसाद है। वहीं पांचवें स्थान पर 75 फिसदी अंक के साथ आलिशा कुमारी व श्रीष्टी है।

### क्लास 2 ए में टॉपर

क्लास 2 ए में टॉप पांच छात्रों में 99 फिसदी अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जस्टीन हेम्बरूम है। दुसरे स्थान पर 94 फिसदी अंक लाने वाले सांभवी पाठक है। तिसरे स्थान पर 91 फिसदी अंक लाने वाले रिद्धि सिन्हा, अभिज्ञान ठाकुर है। चौथे स्थान पर 89 फिसदी अंक लाकर ओम जी सिंह है। जबकि 85 फिसदी अंक लाकर वैशनवी मिश्रा पांचवे स्थान पर है।

### क्लास 2 बी में टॉपर




क्लास 2 बी में 95 फिसदी अंक के साथ प्रथम स्थान हर्षिता कुमारी है। 92 फिसदी अंक लाकर दुसरे स्थान पर यश राज नंदनी कुमारी है। तिसरे स्थान पर 91 फिसदी अंक लाकर आर्यन यादव है। वहीं चौथे स्थान पर 91 फिसदी अंक के साथ तृश्ना गुप्ता है। पांचवे स्थान पर 89 फिसदी अंक लाकर राजवीर सिंह व श्रीजन सिन्हा है।

### क्लास 3 ए में टॉपर

क्लास 3 ए में 92 फिसदी अंकर लाकर रूद्र प्रताप सिंह प्रथम स्थान पर है। जबकि जबकि 89 फिसदी अंकर लाकर आरध्या राय दुसरे स्थान पर है। तिसरे स्थान पर सान्वी कुमारी ने 87 फिसदी अंक प्राप्त किया है। राज लक्ष्मी चौथे नम्बर 85 फिसदी अंक मिला है। 84 फिसदी अंक के साथ पियूष सिंह पाचवें नम्बर है।

### क्लास 3 बी टॉपर

क्लास 3 बी में 90 फिसदी अंक के साथ दिव्यांशु उपाध्याय को प्रथम स्थान मिला है। दुसरे नम्बर पर अनुषका कुमारी 87 फिसदी अंक प्राप्त किया है। 84 फिसदी अंक के साथ रिया कुमारी तिसरे रैंक पर है। चाथे रैंक पर 82 फिसदी अंक के साथ जान्वी कुमारी है। वहीं पाचवें नम्बर पर 80 फिसदी अंक के साथ

### क्लास 4 ए टॉपर

क्लास 4 ए में 82 फिसदी अंक लाकर अभिनंदन सिंह प्रथम स्थान पर है। जबकि दुसरे पर 81 फिसदी अंक लाकर श्रेया उपाध्याय है। वहीं तिसरे स्थान पर 79 फिसदी अंक के साथ रागनी कुमारी, प्रिंस कुमार, राम सुशांत राय है। चाथे नम्बर परद 71 फिसदी अंक के साथ मैनानषु तिवारी है। 70 फिसदी अंक के साथ आदित्य राज उपाध्याय पाचवें नम्बर है।

### क्लास 4 बी टॉपर

क्लास 4 बी में आर्यन कुमार सिंह 97 फिसदी अंक के साथ प्रथम स्थान मिला है। आयुष कुमार 94 फिसदी अंक के साथ दुसरे स्थान है। तिसरे स्थान पर अभिमन्यु सिंह ने 92 फिसदी अंक प्राप्त किया है। वहीं चाथे स्थान पर नित्या कुमारी व रौशनी कुमारी ने 89 फिसदी अंक प्राप्त किया है। जबकि पांचवें स्थान 87 फिसदी अंक के साथ संजना कुमारी है।

### क्लास 5 ए टॉपर

दिक्षा कुमारी ने क्लास 5 ए में 91 फिसदी अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 90 फिसदी अंक लाकर पंकज कुमार दुसरे स्थान पर है। 88 फिसदी अंक लाकर काजल कुमारी तीसरे नम्बर पर है। वहीं आर्दश कुमार व श्रीष्टी कुमारी 87 फिसदी अंक लाकर चौथे स्थान पर है। पाचवें स्थान पर आतिश कुमार 82 फिसदी अंक प्राप्त किये है।

### क्लास 5 बी टॉपर

क्लास 5 बी टॉपर 95 फिसदी अंक लाकर नरेन यादव ने र्प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं 88 फिसदी के अंक लाकर दिवेष पाण्डेय दुसरे स्थान पर है। जबकि 87 फिसदी अंक प्राप्त कर अंकुश कुमार तिसरे स्थान पर है। चौथे स्थान पर 85 फिसदी अंक प्राप्त कर आयुष कुमार है। जबकि 77 फिसदी अंक लाकर जायरा अनीष पाचवें स्थान पर है।

### क्लास 6 ए टॉपर

क्लास 6 ए में 95 फिसदी अंक लाकर अश्वनी सिंह व शशिकांत सिंह प्रथम स्थान पर है। दुसरे स्थान पर 94 फिसदी अंक के साथ ज्योति कुमारी है। 85 फिसदी अंक के साथ नैनसी हेमरोम तिसरे स्थान पर है। 83 फिसदी अंक लाकर आफिया प्रवीन चौथे स्थान पर है। 82 फिसदी अंक लाकर आनंद कुमार पाचवें स्थान पर है।

### क्लास 6 बी टॉपर

क्लास 6 बी में 85 फिसदी अंक लाकर प्रिंस यादव प्रथम स्थान पर है। 76 फिसदी अंक लाकर अपेक्षा सिंह दुसरे स्थान पर है। तिसरे स्थान पर 71 फिसदी अंक के साथ वंश दयाल है। चौथे स्थान पर 68 फिसदी अंक के साथ खुशबु कुमारी व किशन वर्मा चौथे स्थान पर है। 66 फिसदी अंक के साथ आलिया प्रवीन पांचवे स्थान पर है।

### क्लास 7 ए टॉपर

क्लास 7 ए में 97 फिसदी अंक के साथ मानवी सिंह प्रथम स्थान प्राप्त की है। जबकि 96 फिसदी अंक लाकर नंदनी सिंह दुसरे स्थान पर है। तिसरे नम्बर पर 92 फिसदी अंक रचित कुमार ने प्राप्त किया है। चौथे स्थान पर 91 फिसदी अंक के साथ दिपीका कुमारी व वेदांश द्विवेदी है। पाचवें नम्बर पर शाश्वत काश्यप 90 फिसदी अंक लाया।

### क्लास 8 ए टॉपर

क्लास 8 ए में टॉपर आकांक्षा कुमारी 93 फिसदी अंक के साथ प्रथम स्थान पर है। जबकि दुसरे स्थान पर 89 फिसदी अंक लाकर अनिश यादव व अनुज्ञा सिंह है। तिसरे स्थान पर 88 फिसदी अंक लाकर अमृता कुमारी, अनन्या गौतम व समीक्षा वर्मा है। चौथे स्थान पर 87 फिसदी अंक लाकर आदिति केसरी है। वहीं पाचवें स्थान पर 84 फिसदी अंक लाकर पियूष गौतम है।

### क्लास 8 बी टॉपर

क्लास 8 बी में 95 फिसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रूची कुमारी है। दुसरे स्थान पर 93 फिसदी अंक प्राप्त कर भुमी सिंह है। 92 फिसदी अंक के साथ तिसरे स्थान पर विशाल कुमार है। चौथे स्थान पर 90 फिसदी अंक प्राप्त कर आदिति सिंह व युवराज यादव है। पाचवें स्थान पर उत्कर्ष कुमार ने 88 फिसदी अंक प्राप्त किया है।

### क्लास 9 ए में टॉपर

क्लास 9 ए में 95 फिसदी अंक प्राप्त कर प्रज्ञान्या कुमारी प्रथम स्थान प्राप्त की है। दुसरे स्थान पर 92 फिसदी अंक के प्राप्त कर नंदनी कुमारी है। तिसरे स्थान पर 91 फिसदी अंक प्राप्त कर सुप्रिया कुमारी व गौरांग द्विवेदी है। चौथे स्थान पर 89 फिसदी अंक प्राप्त संदीप कुमार है। जबकि पाचवें स्थान पर जानवी सिंह है।

### क्लास 9 बी टॉपर

क्लास 9 बी में कृति वर्मा 95 फिसदी अंक के साथ प्रथम स्थान पर है। जबकि दुसरे स्थान पर खुशी कुमारी ने 91 फिसदी अंक प्राप्त किया है। तिसरे स्थान पर ओवैस 89 फिसदी अंक प्राप्त किया है। 88 फिसदी अंक प्राप्त कर आशीष कुमार चौथे स्थान पर है। 85 फिसदी अंक प्राप्त कर सुधांशु कुमार पाचवां स्थान प्राप्त किया है।

# केसठ में रबी फसल तैयार, कटाई में जुटे किसान, खेतों में पहुंचने लगे हार्वेस्टर




**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रबी फसल अब पूरी तरह पककर तैयार हो चुकी है। गेहूं की फसल पकने के साथ ही किसान कटाई कार्य में जुट गए हैं। खेतों में इन दिनों सुबह से ही चहल-पहल देखी जा रही है और हार्वेस्टर मशीनों की आवाज गूंजने लगी है।किसानों का कहना है कि इस बार मौसम अनुकूल रहने के कारण फसल की गुणवत्ता अच्छी है, जिससे बेहतर उत्पादन की उम्मीद जताई जा रही है। कई किसान पारंपरिक तरीके से मजदूरों के सहारे कटाई कर रहे हैं, वहीं बड़ी संख्या में किसान समय और लागत बचाने के लिए हार्वेस्टर का सहारा ले रहे हैं।कटाई कार्य को लेकर गांवों में उत्साह का माहौल है। किसान जल्द से जल्द फसल को सुरक्षित घर तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं, ताकि किसी प्रकार के मौसमीय नुकसान से बचा जा सके। यदि मौसम इसी तरह साफ रहा तो इस वर्ष गेहूं उत्पादन बेहतर रहने की संभावना है, जिससे किसानों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही है।

**समय और अगलगी से बचाव को लेकर किसान हार्वेस्टर से करवा रहे फसल की कटाई :** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रबी फसल की कटाई का कार्य तेज हो गया है। किसान समय की बचत और आग लगने जैसी संभावित घटनाओं से बचाव को लेकर अब तेजी से हार्वेस्टर मशीन का उपयोग कर रहे हैं। खेतों में सूखी फसल के कारण आग लगने का खतरा बना रहता है, ऐसे में किसान जल्द कटाई कर फसल को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में जुटे हैं।किसानों का कहना है कि हार्वेस्टर से कटाई करने पर कम समय में अधिक क्षेत्र की फसल काटी जा सकती है, जिससे अचानक लगने वाली आग या खराब मौसम से होने वाले नुकसान की संभावना कम हो जाती है। यही वजह है कि इस बार बड़ी संख्या में किसान आधुनिक मशीनों का सहारा ले रहे हैं।

# पराली जलाने पर सख्ती, भूमिहीन विद्यालयों को मिलेगी जमीन: डीएम साहिला का सख्त निर्देश




**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए कई अहम निर्देश जारी किए गए। बैठक में विशेष रूप से खेतों में पराली जलाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से रोकथाम के उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

डीएम ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देशित किया कि जिन किसानों की फसल आगामी दिनों में कटनी के लिए तैयार है, उन्हें चिन्हित कर पराली जलाने से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर और डुमरांव को हारवेस्टर मालिकों, प्रखंड कृषि पदाधिकारियों एवं कृषि समन्वयकों के साथ बैठक कर ठोस रणनीति बनाने का निर्देश दिया, ताकि पराली जलाने की घटनाओं पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान जिले में संचालित 23 भूमिहीन विद्यालयों का मुद्दा प्रमुखता से उठा। जिलाधिकारी ने प्रभारी अंचलाधिकारियों और भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि इन विद्यालयों के लिए शीघ्र भूमि उपलब्ध कराई जाए, ताकि शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिल सके और बच्चों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं मिल सकें। नगर निकायों के कार्यों पर भी डीएम ने विशेष ध्यान दिया। नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारियों को लैंडफिल साइट चिन्हित कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। वहीं नगर परिषद बक्सर और डुमरांव के कार्यपालक पदाधिकारियों को शहर में व्यवस्थित वेडिंग जोन और पार्किंग जोन के लिए भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा गया, जिससे शहरी यातायात और आयोजन प्रबंधन में सुधार लाया जा सके। बैठक में अग्निशमन व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। जिला अग्निशमन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि आगलगी की घटनाओं से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। इसके साथ ही सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने को कहा गया। जनता से जुड़े मामलों को लेकर भी जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाया। सीएम डैशबोर्ड, जिला पदाधिकारी के जनता दरबार और मुख्यमंत्री के जनता के दरबार में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन का निर्देश सभी अधिकारियों को दिया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीपी ग्राम से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए डीएम ने सभी लंबित मामलों का एक सप्ताह के भीतर अद्यतन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके अलावा सीडब्ल्यूजेसी और एमजेसी मामलों की भी विस्तार से समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर तथ्य विवरणी तैयार कर मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया गया। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने संभावित आपदा, विशेषकर हीट वेव को लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि गर्मी के प्रकोप से बचाव हेतु सभी आवश्यक उपाय समय रहते पूरे कर लिए जाएं, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

बैठक में मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए डीएम साहिला ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और तय समयसीमा के भीतर सभी योजनाओं व निदेशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

# चौसा नगर पंचायत का 79 करोड़ का बजट : विकास परियोजनाओं और जनसुविधाओं को मिला नया फोकस



- इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्वच्छता और सामाजिक योजनाओं पर जोर, कई नई परियोजनाओं को मिली मंजूरी


**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा नगर पंचायत ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 79.44 करोड़ रुपये का बजट पारित कर नगर विकास की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इस बजट में शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण, नागरिक सुविधाओं के विस्तार और सामाजिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया है।

नगर पंचायत की बैठक में इस बजट को मंजूरी दी गई, जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष किरण देवी ने की, जबकि कार्यपालक पदाधिकारी रानी कुमारी ने बैठक का संचालन किया। बजट तैयार करते समय पिछले वित्तीय वर्षों 2024-25 और 2025-26 (दिसंबर तक) के आय-व्यय का गहन विश्लेषण किया गया, जिसके आधार पर आगामी वर्ष के लिए संसाधनों और खर्च का यथार्थ आकलन किया गया है।

प्रस्तावित बजट के अनुसार प्रारंभिक शेष राशि करीब 6.40 करोड़ रुपये रखी गई है। वहीं आंतरिक राजस्व और केंद्र व राज्य सरकार से मिलने वाले अनुदानों को मिलाकर कुल आय लगभग 81.14 करोड़ रुपये अनुमानित की गई है। इससे नगर पंचायत को विकास योजनाओं को गति देने में मदद मिलेगी। खर्च के मद में पूंजीगत व्यय पर सबसे अधिक जोर दिया गया है। इसके तहत करीब 49.39 करोड़ रुपये विभिन्न विकास कार्यों पर खर्च किए जाएंगे। वहीं स्थापना और अन्य राजस्व व्यय के लिए लगभग 30.05 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। बजट में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को शामिल किया गया है, जो नगर की तस्वीर बदलने में अहम भूमिका निभाएंगी। इनमें मार्केट कॉम्प्लेक्स का निर्माण, सामुदायिक भवन, सार्वजनिक शौचालय, बस स्टैंड, रैन बसेरा और पुस्तकालय जैसी सुविधाएं प्रमुख हैं। इसके अलावा सड़कों और पुलों के निर्माण, ओल्ड एज होम, पिंक टॉयलेट तथा अशोक सम्राट भवन जैसी योजनाएं भी प्रस्तावित हैं। सिर्फ भौतिक विकास ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं को भी इस बजट में महत्व दिया गया है। छठ महापर्व और दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान बेहतर व्यवस्थाओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। साथ ही स्वच्छता अभियान को और मजबूत बनाने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया गया है। बजट के अंत में लगभग 8.10 करोड़ रुपये शेष रहने का अनुमान है, जिसे भविष्य की विकास योजनाओं और आकस्मिक जरूरतों के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। कुल मिलाकर यह बजट चौसा नगर पंचायत के लिए संतुलित और दूरदर्शी कदम माना जा रहा है, जो आने वाले समय में शहर के विकास को नई दिशा देगा।

# शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी से मजबूत होंगे संबंध, शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर जोर



**केटी न्यूज/नावानगर**

क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों में सोमवार को शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य बच्चों की शैक्षणिक प्रगति को अभिभावकों के साथ साझा करना, नामांकन बढ़ाने पर जोर देना तथा विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विस्तार से चर्चा की गई। मध्य विद्यालय सलसला, प्राथमिक विद्यालय मणियां सहित अन्य सरकारी स्कूलों में इस संगोष्ठी की विशेष झलक देखने को मिली। शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ बैठकर छात्रों की प्रगति रिपोर्ट साझा की और उनकी उपस्थिति, व्यवहार एवं सीखने के स्तर पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही कमजोर छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए विशेष रणनीति बनाने पर भी जोर दिया गया। संगोष्ठी में अभिभावकों से सुझाव भी लिए गए, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके। शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और घर पर पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की अपील की।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठी से विद्यालय और अभिभावकों के बीच संवाद बढ़ता है, जिससे बच्चों के शैक्षणिक और व्यवहारिक विकास में सकारात्मक बदलाव आता है। कुल मिलाकर यह संगोष्ठी बच्चों के बेहतर भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

# स्टेपिंग स्टोन एकेडमी का वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न, रंगारंग प्रस्तुतियों से गूंजा विद्यालय

■ डुमरांव एसडीएम ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन, अतिथियों ने स्कूल की सराहना की



**केटी न्यूज/डुमरांव**

पुराना भोजपुर स्थित स्टेपिंग स्टोन एकेडमी में सोमवार को वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम राकेश कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया। उनके साथ डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय परिसर बच्चों के उत्साह, रंगीन प्रस्तुतियों और अभिभावकों की तालियों से सराबोर हो उठा।

समारोह की शुरूआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई, जहां विद्यालय के डायरेक्टर सुरेश सिंह ने सभी आगंतुकों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि स्टेपिंग स्टोन एकेडमी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य**

विद्यालय के डायरेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि वार्षिकोत्सव बच्चों को मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देता है, जिससे उनमें आत्मविश्वास और रचनात्मकता का विकास होता है। इसके बाद बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई विभिन्न आकर्षक सांस्कृतिक गतिविधियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। नृत्य, गीत-संगीत, नाटक, देशभक्ति कार्यक्रम और मंचीय प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। हर प्रस्तुति पर अभिभावकों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ये प्रस्तुतियां बच्चों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम हैं। समारोह को संबोधित करते हुए एसडीएम राकेश कुमार ने विद्यालय की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्टेपिंग स्टोन एकेडमी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी**

एसडीएम ने कहा कि आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है, और यह विद्यालय इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन से विश्वनाथ सिंह, अभिषेक कुमार सहित शिक्षकों में अतुल कुमार, अनिल कुमार, दिव्या कुमारी, नेहा कुमारी की भूमिका सराहनीय रही। साथ ही मुखिया संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, दीनू सिंह, मुखिया पिंटू सिंह, डॉ. भोला केशरी, निर्मल प्रसाद केशरी, श्रीकांत ओझा सहित अन्य सामाजिक सदस्यों ने भी सक्रिय योगदान दिया। समारोह के समापन पर विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षा क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्ता वृद्धि और बच्चों के भविष्य निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अभिभावकों, शिक्षकों और बच्चों की उत्साही भागीदारी ने वार्षिकोत्सव को यादगार और सफल बना दिया।

# राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व नालंदा हाई अलर्ट पर फिर भी बेखौफ बदमाशों ने लूट का किया प्रयास



नालंदा जिले में 31 मार्च को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का एक दिवसीय दौरा प्रस्तावित है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर पूरा जिला प्रशासन और पुलिस महकमा हाई अलर्ट पर है। वहीं, चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था के बीच अपराधियों ने पुलिस की चौकसी को चुनौती देते हुए दिनदहाड़े लूट की एक बड़ी वारदात को अंजाम देने की कोशिश की है। घटना लहेरी थाना क्षेत्र के काशी तकिया गली की है, जहां हथियारबंद बदमाशों ने शहर के प्रतिष्ठित मुन्नालाल महेशलाल आर्य ज्वेलर्स के स्टाफ के साथ लूट का असफल प्रयास किया। मुन्ना लाल महेश लाल आर्य ज्वेलर्स के कर्मचारी किसी काम से बस पकड़ने के लिए रामचंद्रपुर बस स्टैंड जा रहे थे। जैसे ही वे काशी तकिया गली पहुंचे, एक बाइक पर सवार तीन हथियारबंद बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक कर रोक लिया। बदमाशों ने स्टाफ के पास मौजूद बैग छीनने का प्रयास किया। ज्वेलर्स मालिक के ने बताया कि स्टाफ ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए बदमाशों का मुकाबला किया और उन्हें पकड़ने की कोशिश की। खुद को घिरता देख एक बदमाश ने पिस्टल तान दी और गोली चलाने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। कर्मचारियों की बहादुरी और स्थानीय लोगों के जुटने के डर से तीनों अपराधी अपनी बाइक, एक कट्टा और कारतूस मौके पर ही छोड़कर पैदल भाग खड़े हुए। घटना के संबंध में ज्वेलर्स के प्रोपराइटर सुभाष कुमार ने बताया कि उनके कर्मचारियों को बैंक और निजी काम से पटना भेजा जा रहा था। अपराधियों को लगा कि बैग में बड़ी मात्रा में कैश या सोना-चांदी हो सकता है, जबकि बैग में केवल जरूरी कागजात थे। उन्होंने आक्रोश जताते हुए कहा कि शहर में अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ गया है कि अब व्यापारी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। शहर के व्यस्त इलाके में दिनदहाड़े हुई इस घटना से स्थानीय लोगों और व्यवसायियों में दहशत का माहौल है। लोग पुलिसिया गश्ती और वीआईपी सुरक्षा के दावों पर सवाल उठा रहे हैं। मामले की जानकारी देते हुए लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि बदमाशों ने बैग छीनने का प्रयास किया था, जिसमें केवल कागजात थे। भागने के क्रम में उनकी बाइक और हथियार (कट्टा-कारतूस) बरामद कर लिए गए हैं। वाहन नंबर के आधार पर बदमाशों को चिन्हित कर लिया गया है और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

**मौके पर छोड़ी बाइक और पिस्टल**

मुन्ना लाल महेश लाल आर्य ज्वेलर्स के कर्मचारी किसी काम से बस पकड़ने के लिए रामचंद्रपुर बस स्टैंड जा रहे थे। जैसे ही वे काशी तकिया गली पहुंचे, एक बाइक पर सवार तीन हथियारबंद बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक कर रोक लिया। बदमाशों ने स्टाफ के पास मौजूद बैग छीनने का प्रयास किया। ज्वेलर्स मालिक के ने बताया कि स्टाफ ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए बदमाशों का मुकाबला किया और उन्हें पकड़ने की कोशिश की। खुद को घिरता देख एक बदमाश ने पिस्टल तान दी और गोली चलाने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। कर्मचारियों की बहादुरी और स्थानीय लोगों के जुटने के डर से तीनों अपराधी अपनी बाइक, एक कट्टा और कारतूस मौके पर ही छोड़कर पैदल भाग खड़े हुए।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**केटी न्यूज/बक्सर**

औद्योगिक थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव के समीप एनएच 922 पर रविवार की रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गोगौरा गांव निवासी 28 वर्षीय नीतीश कुमार तिवारी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने इसे साधारण सड़क दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है।

जानकारी के अनुसार, नीतीश कुमार तिवारी अपने पैतृक गांव गोगौरा से स्कूटी पर सवार होकर बक्सर शहर स्थित सोहनीपट्टी अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान अहिरौली के पास काली मंदिर के समीप देर रात वह सड़क पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाए गए। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और इस मामले को संदिग्ध बताते हुए साजिश के तहत हत्या किए जाने की आशंका जताई। मृतक के पिता अवधेश तिवारी का कहना है कि यह कोई सामान्य दुर्घटना नहीं हो सकती, बल्कि किसी अज्ञात वाहन द्वारा जानबूझकर टक्कर मारी गई है। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर सच्चाई सामने लाई जाए।

बताया जाता है कि नीतीश ट्रांसपोर्टिंग का काम करते थे और अपने परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनकी शादी महज नौ महीने पहले हुई थी, जिससे परिवार में खुशियों का माहौल था, जो अब मातम में बदल गया है।

इधर, औद्योगिक थानाध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही घटना की सच्चाई सामने लाई जाएगी।

# ग्रामीण प्रतिभा को मिला सम्मान अनुपा बनी प्रेरणा की मिसाल



**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर प्रखंड के खरहना उच्च विद्यालय की छात्रा अनुपा कुमारी ने बिहार मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उसकी इस उपलब्धि को लेकर शिक्षा विभाग भी गौरवान्वित है। इसी क्रम में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना सह एमडीएम) स्वयं विद्यालय पहुंचे और छात्रा को सम्मानित कर उसका उत्साहवर्धन किया।

अधिकारी ने अनुपा की सफलता को ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि लगन और मेहनत हो, तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अन्य छात्रों से भी अनुपा से सीख लेने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की अपील की।

इस अवसर पर शिक्षक नेता ब्रजेश राय ने कहा कि अनुपा की मेहनत यह साबित करती है कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर प्रयास और दृढ़ संकल्प ही व्यक्ति को ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत ही वह कुंजी है, जो सफलता के द्वार खोलती है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोरख मेहरा सहित शिक्षक श्याम नारायण ठाकुर, विनोद पांडेय, अरविंद यादव, धनजी पांडेय और राजेश राम ने भी छात्रा की सराहना करते हुए अन्य विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। शिक्षकों ने भरोसा दिलाया कि हर छात्र को आगे बढ़ाने में विद्यालय परिवार पूरा सहयोग देगा।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में भी खासा उत्साह देखा गया। सभी ने अनुपा की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उसे क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा बताया।

## एक नजर

### विद्यालय छात्रों के बीच वार्षिक अंक प्रमाण पत्र हुआ वितरण



**बिक्रमगंज।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय घुसिया कलां के प्रागण में सोमवार को छात्रों के बीच वार्षिक अंक प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर एक अभिभावक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों के माता-पिता हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। उक्त मौके पर विद्यालय में प्रथम स्थान वर्ग 7 की छात्रा मंशा कुमारी, द्वितीय स्थान वर्ग 8 के प्रीतम कुमार तथा तृतीय स्थान पर वर्ग 8 के छात्र अहमद आलम को मिला। जिन्हें विद्यालय द्वारा प्रगति पत्र के साथ प्रधानाध्यापक शेख रिजवान ने पुरस्कृत किया। मौके उपस्थित विद्यालय के समस्त शिक्षकों व अभिभावकों ने सभी छात्रों के सफलता पर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर शिक्षक निरंजन कुमार, मो.इमरान आत्मानंद ठाकुर,विनीता कुमारी,.तौसीफ आलम सालेहा खातून, मो.सलमान,अफसाना खातून, शहाबुद्दीन,आफरीन बानो सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### रोहतास पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के सात आरोपी को किया गिरफ्तार

**सासाराम।** रोहतास पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय अपराधी गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में 16 आपराधिक कांडों का उद्भेदन हुआ है, जबकि 19 मामलों में इनकी संलिप्तता पाई गई है।एसपी रौशन कुमार ने नगर थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह गिरोह लंबे समय से शाहाबाद क्षेत्र में सक्रिय था। गिरोह के सदस्य मोबाइल झपटमारी,ट्रक से लूटपाट,चोरी और छिनैती जैसी वारदातों को अंजाम देते थे।उन्होंने बताया कि गिरोह के लगभग 160 से अधिक सदस्यों की पहचान पुलिस द्वारा की जा चुकी है। ये अपराधी सासाराम समेत अन्य शहरों में किराए के मकानों में रहकर घटनाओं को अंजाम देते थे। जो बीते नवरात्रि के दौरान पुलिस गश्ती के क्रम में नवरत्न बाजार से दो संदिग्धों को पकड़ा गया था। पूछताछ और जांच के दौरान पूरे गिरोह का पदार्फाश हुआ। पुलिस ने सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से दो की गिरफ्तारी भभुआ जिले से हुई है। अन्य सदस्यों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### सेवानिवृत्त परिचारी आशा को दी गई भावभीनी विदाई

**नवादा।** सोमवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय,नवादा में सेवानिवृत्ति के अवसर पर परिचारी आशा कुमारी सिन्हा को भावभीनी विदाई दी गई।उल्लेखनीय है कि श्रीमती आशा कुमारी सिन्हा की नियुक्ति जिला जनसंपर्क कार्यालय, नवादा में दिनांक 17 मई 2019 को हुई थी। इस प्रकार उन्होंने लगभग 6 वर्ष 10 माह तक पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए कार्यालय को अपनी महत्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान कीं।विदाई समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री अमरनाथ कुमार ने कहा कि श्रीमती आशा कुमारी सिन्हा ने अपने सेवाकाल के दौरान अनुशासन,समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने अपने कार्यों के माध्यम से न केवल कार्यालय की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ किया, बल्कि अपने सरल एवं सहयोगी स्वभाव से सभी के बीच विशेष स्थान बनाया। उन्होंने कहा कि उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।हेमन्त कुमार ने अपने संबोधन में उनके कर्तव्यनिष्ठ आचरण, विनम्र व्यवहार एवं कार्यालयीन कार्यों के प्रति उनकी गंभीरता की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यालय को ऐसे ही समर्पित कर्मियों की आवश्यकता होती है। उन्होंने उनके उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की। शशि कुमार ने कहा कि जिस निष्ठा, लगन एवं उत्साह के साथ उन्होंने अपने सेवाकाल को पूर्ण किया है। अवसर पर शशि कुमार,हेमन्त कुमार,रजनी कुमारी,कार्यपालक सहायक कमलेश कुमार सिंह,सत्यम कुमार,रणवीर कुमार सहित कार्यालय समस्त कर्मी उपस्थित थे।

### मध्य विद्यालय के छात्रों ने सफलता का लहराता परचम

**जगदीशपुर ।** शहर के वार्ड संख्या 13 स्थित मध्य विद्यालय विशेन टोला के प्रांगण में सोमवार को 'प्रवेश से प्रगति तक, विद्यालय और अभिभावक साथ-साथ' थीम के तहत अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी एवं वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2025-26 के वार्षिक मूल्यांकन के परिणाम घोषित किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद सुनील कुमार उर्फ पंडा एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रगति पत्रक के साथ पुरस्कृत किया गया। अपनी मेहनत का फल पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। पूर्ववर्ती छात्राओं का भी बढ़ा मान विद्यालय ने न केवल वर्तमान छात्रों,बल्कि अपने पूर्ववर्ती छात्रों की सफलता को भी सराहा। मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन करने वाली पूर्ववर्ती छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक मो.साबिर, संगीता

# महावीर जन्मकल्याणक पर आरा में उमड़ा आस्था का सैलाब, भव्य शोभायात्रा ने मोहा मन



**गाजे-बाजे, रथ, ऊंट-घोड़े और भक्ति गीतों के बीच निकली शोभायात्रा, पूरे शहर में गूंजा जियो और जीने दो का संदेश**

**केटी न्यूज/आरा**

भगवान महावीर जन्मकल्याणक के पावन अवसर पर आरा शहर पूरी तरह भक्ति और उत्साह के रंग में रंगा नजर आया। भगवान महावीर मार्ग स्थित श्री दिगंबर जैन शांतिनाथ मंदिर प्रांगण से सोमवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने शहरवासियों का मन मोह लिया। यह आयोजन त्रिदिवसीय महोत्सव के तहत किया गया, जिसमें जैन समाज के साथ-साथ अन्य समुदायों के लोग भी बढ़-चढ़कर शामिल हुए। सुबह की शुरूआत प्रभातफेरी से हुई, जिसमें बच्चों और युवाओं ने हाथों में जैन पंचरंगा ध्वज लेकर महावीर जन्म कल्याणक है और जियो और जीने दो जैसे जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। टोली घर-घर पहुंची और लोगों के बीच ध्वज व मिष्ठान का वितरण कर उत्सव का संदेश फैलाया। इसके बाद शांतिनाथ मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकली, जिसमें भगवान महावीर को आकर्षक रथ पर विराजमान किया गया। रथ के साथ ऊंट, घोड़े और बैंड-बाजे की धुन ने शोभायात्रा को और भी भव्य बना दिया। श्रद्धालु रंग-बिरंगे परिधानों में सजे थे, पुरुष और युवक सफेद व पीले वस्त्रों में, जबकि महिलाएं और युवतियां लाल-पीले परिधानों में बेहद आकर्षक दिख रही थीं। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते-नाचते आगे बढ़ रहे थे। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर भगवान महावीर का स्वागत किया और आरती-दर्शन का आयोजन किया। कई समाजसेवियों ने रास्ते में शीतल पेय, फल, नमकीन और मिष्ठान की व्यवस्था कर सेवा भाव का परिचय दिया। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों, गोपाली चौक, जेल रोड, हॉस्पिटल रोड, बड़ी मठिया, महादेवा रोड और चित्रटोली होते हुए जैन स्कूल पहुंची। वहां पांडुकशिला पर भगवान महावीर का विधिवत जन्माभिषेक, पंचामृत अभिषेक, पूजन, शांतिधारा और मंगल आरती संपन्न हुई। कार्यक्रम में नगर की मेयर, वार्ड पार्षद, समाजसेवी, छात्र-छात्राएं और सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। समापन पर साधर्मी वात्सल्य के तहत सभी को प्रसाद वितरण किया गया। शाम के कार्यक्रम में भजन संध्या, थाल सजाओ प्रतियोगिता, प्रश्नमंच और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। पूरे आयोजन ने न केवल आस्था का संदेश दिया, बल्कि भगवान महावीर के अहिंसा और सहअस्तित्व के विचार जियो और जीने दो को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य भी किया।

# रेलवे टनल निर्माण के लाखों की चोरी का आरोपी गिरफ्तार,लाखों का समान बरामद



**केटी न्यूज। रजौली**

थाना क्षेत्र के टनल नंबर 4 के पास चल रहे रेलवे निर्माण कार्य स्थल से लाखों की बैटरी और सरिया चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में आदित्य कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड में डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर राजेश कुमार सिंह ने रजौली थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।शिकायतकर्ता के अनुसार 25 व 26 मार्च की रात टनल नंबर 4 समीप खड़ी मशीनों और वाहनों से बैटरियां चोरी कर ली गईं। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी इसी स्थल से करीब एक दर्जन बैटरियां,भारी मात्रा में सरिया और पीवीसी ड्रम की चोरी हो चुकी है। वही टनल नंबर-3 से भी बैटरी,सरिया और जनरेटर का अल्टरनेटर चोरी होने की घटनाएं सामने आई हैं। जिसे लेकर राजेश कुमार सिंह ने आशंका जताई है कि इन घटनाओं में परतोनिया गांव के कुछ असामाजिक तत्व शामिल हैं। जिसकी सूचना मिलने ही बाद रजौली अनुमंडल एसडीपीओ गुलशन कुमार के निर्देश के बाद एसटीएफ की टीम के साथ एसआई सचिन कुमार ने त्वरित कार्रवाई की छापेमारी से आरोपियों में हड़कंप मच गई,जिसमें एसआई अमित कुमार भी शामिल रहें। गठित टीम छापेमारी के दौरान वे परतोनिया गांव पहुंचे। पुलिस को देखते ही कुछ युवक मौके से फरार हो गए, जबकि एक व्यक्ति विनोद भईया,पिता रामेश्वर भैया को पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा की गई वही एसडीपीओ गुलशन कुमार के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सोमवार को जानकारी दी गई कि पूछताछ में उसकी निशानदेही पर चोरी की गई पांच एक्साइड कंपनी की बैटरियां और लाखों का सरिया बरामद किया गया। आरोपी ने पूछताछ के दौरान अपने अन्य सहयोगियों के नाम भी बताए हैं, जिनमें टोपी भईया, प्रसादी भईया, सुंदर भईया,सुदामा भईया, रामस्वरूप भईया,राजू भईया, कारू भईया सहित जागेश्वर भईया शामिल हैं।

संलिप्त सभी आरोपी परतोनिया

# नीतीश कुमार ने एमएलसी पद से दिया इस्तीफा, लेटर लेकर विधान परिषद पहुंचे विजय चौधरी



**कहा - राज्यसभा के सदस्य के रूप में निभाएंगे अपनी नई जिम्मेदारी**

**एजेंसी। पटना**
बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा सदस्य बनने के बाद विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। यह कदम संवैधानिक प्रक्रिया के तहत उठाया गया है। बिहार की राजनीति में एक अहम संवैधानिक प्रक्रिया के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। यह कदम उनके राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित होने के बाद उठाया गया है। भारतीय संविधान के नियमों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति एक साथ संसद और राज्य विधानमंडल का सदस्य नहीं रह सकता, इसी कारण उन्हें यह इस्तीफा देना आवश्यक था। मुख्यमंत्री का इस्तीफा मंत्री विजय चौधरी द्वारा विधान परिषद पहुंचकर सौंपा गया। उन्होंने यह त्याग पत्र परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह को औपचारिक रूप से सौंपा। इस पूरी प्रक्रिया को लेकर विजय चौधरी ने कहा कि यह पूरी तरह से संवैधानिक औपचारिकता है, जिसे समय पर पूरा किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री अब राज्यसभा के सदस्य के रूप में अपनी नई जिम्मेदारी निभाएंगे, इसलिए विधान परिषद की सदस्यता छोड़ना जरूरी था। एमएलसी संजय गांधी के माध्यम से मुख्यमंत्री का त्याग पत्र विधान परिषद के सभापति तक पहुंचाया गया। इससे यह साफ होता है कि पूरी प्रक्रिया तय नियमों के तहत और विधिवत तरीके से पूरी की गई। गौरतलब है कि नीतीश कुमार लंबे समय से बिहार विधान परिषद के सदस्य रहे हैं और राज्य की राजनीति में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वर्ष 2006 से वे लगातार परिषद के सदस्य रहे और कई बार मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश का नेतृत्व किया। हाल ही में उनका राज्यसभा के लिए चुना जाना उनके राजनीतिक करियर का एक नया अध्याय माना जा रहा है। कुल मिलाकर, यह घटनाक्रम बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक और संवैधानिक प्रक्रिया का उदाहरण है, जिसे नियमों के तहत समय पर पूरा किया गया है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि सरकार संवैधानिक मयार्दाओं का पालन करते हुए अपने दायित्वों को निभा रही है।

## एक नजर

### एसडीएम कार्यालय में निगरानी का छापा, 70 हजार घूस लेते लिपिक और स्टेनो अरेस्ट

**पटना।** बिहार सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम के तहत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने आज भागलपुर में बड़ी कार्रवाई की है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) कार्यालय में छापेमारी कर टीम ने एक लिपिक मयंक कुमार और एक स्टेनो प्रेम कुमार को 70 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।जानकारी के अनुसार, नाथनगर आपूर्ति कार्यालय में तैनात अभिजीत कुमार से उनकी सेवा संपुष्टि (री१ৄ्री उङ्गल्ल्म१ें३ङ्गल्ल) के बदले आरोपियों ने मोटी रकम की मांग की थी। परेशान होकर पीड़ित ने इसकी शिकायत पटना स्थित निगरानी विभाग से की। शिकायत की पुष्टि होने के बाद विभाग ने जाल बिछाया। निगरानी डीएसपी विद्यांचल प्रसाद के नेतृत्व में 9 सदस्यीय टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। जैसे ही पीड़ित ने पैसे दिए, सादे लिबास में मौजूद टीम ने दोनों को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। निगरानी की टीम दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पटना रवाना हो गई है, जहां उन्हें विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। डीएसपी ने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ यह जीरो टॉलरेंस की नीति आगे भी जारी रहेगी।

### हड़ताल के बीच राजस्व सेवा के 69 अफसरों से शो कॉज, जवाब नहीं देने वालों पर एकतरफा एक्शन

**पटना।** सुधार विभाग के उप सचिव संजय कुमार सिंह द्वारा सभी को अलगझ्रअलग पत्र भेजकर 69वीं बीपीएससी बैच के 69 अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इन अधिकारियों द्वारा लिया गया सामूहिक अवकाश अवैध घोषित किया जा चुका है और इसे ৗ्रीं२ ल्लङ्गल्ल माना गया है, यानी इस अवधि को सेवा में नहीं गिना जाएगा। संबंधित अधिकारियों पर आरोप है कि 25 मार्च 2026 की शाम 5 बजे तक उन सभी ने अपने-अपने पदों पर योगदान नहीं दिया है। पत्र में कहा गया है कि यह आचरण न केवल सरकारी आदेशों की अवहेलना है, बल्कि बिहार सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1976 के नियम 3(1) का भी उल्लंघन है। ऐसे में संबंधित अधिकारियों से पूछा गया है कि उनके खिलाफ सेवा से बर्खास्तगी की कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। सख्त चेतावनी देते हुए कहा गया है कि यदि 13 अप्रैल 2026 तक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होता है, तो यह मान लिया जाएगा कि अधिकारियों को इस विषय में कुछ नहीं कहना है, और उनके विरुद्ध एकतरफा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। 24 जिलों में तैनात परीक्ष्यमान अधिकारियों में सर्वाधिक गया, रोहतास और मधुबनी जिले के स्पष्टीकरण मांगने की यह कार्रवाई राज्य के 24 जिलों में तैनात परीक्ष्यमान राजस्व अधिकारियों पर की गई है। इनमें गया जिले में आठ, रोहतास जिले में सात और मधुबनी जिले के पांच राजस्व अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा बक्सर, बेगूसराय, कटिहार, मधेपुरा, पूर्वी चंपारण, वैशाली और जमुई जिलों में तैनात चार-चार, सिवान, सीतामढ़ी और नालंदा जिलों में तैनात तीन-तीन तथा औरंगाबाद जिले में तैनात दो अधिकारी शामिल हैं। पटना सहित किशनगंज, खगड़िया, पूर्णिया, सुपौल, नवादा, अररिया, अरवल और लखीसराय जिलों में तैनात एकझ्रएक अधिकारी भी इस कार्रवाई के दायरे में आए हैं।

# बड़ा ऐलान : अगली कैबिनेट में डॉक्टरों के प्राइवेट प्रैक्टिस पर लगेगी रोक, कई मेडिकल कॉलेजों को पीपीपी मोड पर लाने की तैयारी




**एजेंसी। पटना**
उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की कमी पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि निजी मेडिकल कॉलेज बेहतर चल रहे हैं जबकि सरकारी कॉलेजों में संसाधन होने के बावजूद डॉक्टर नहीं मिल रहे। बिहार सरकार ने सूबे के वरिष्ठ चिकित्सकों से बड़ा आह्वान किया है. सरकार ने कहा है कि मेडिकल कॉलेज चलाने में आप सभी सहयोग करें. चिंता इस बात की है कि सूबे में निजी मेडिकल कॉलेज अच्छे से चल रहे, लेकिन सभी संसाधन मुहैया कराने के बाद भी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी नहीं मिलते. सूबे के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस पर चिंता जाहिर की है. सरकारी मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी नहीं, जबकि प्राइवेट अच्छे से चल रहा सूबे के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने महत्वपूर्ण जानकारी दी है. उन्होंने कहा है कि सूबे में अगर मेडिकल हॉस्पिटल के बड़े ग्रुप आयेंगे तो हम विंडो खोलने का काम करेंगे. हमारे यहां एक चिंता का विषय यह है कि सूबे में सरकारी मेडिकल कॉलेजों में बेस्ट फैकल्टी नहीं मिलती, पर वहीं निजी मेडिकल कॉलेज अच्छे से चल रहे. ऐसा क्यों है ? सम्राट चौधरी ने बजाप्ता उदाहरण भी दिया. उन्होंने बताया कि मधेपुरा और बेतिया मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी उपलब्ध नहीं हो पाते, जबकि सारा संसाधन जुटाया गया है, करोड़ों रू खर्च किए गए हैं. इसके उलट कटिहार,किशनगंज और सासाराम में निजी मेडिकल कॉलेज चल रहे हैं. न सिर्फ चल रहा,बल्कि अच्छे से चल रहा है.अच्छे-अच्छे डॉक्टर उपलब्ध हैं.

## अगली कैबिनेट में चिकित्सकों के प्राइवेट प्रैक्टिस पर लगेगी रोक

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आगे कहा कि हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह घोषणा की है. अगली कैबिनेट में सरकारी चिकित्सकों के प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक का प्रस्ताव लाएँगे और इसको कर देंगे. इसके लिए इंसेक्टिव देना होगा,हम देंगे. हम चिकित्सकों के संघ के साथ बैठकर रास्ता निकालेंगे।

## पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज..बनाई जा रही पॉलिसी

सम्राट चौधरी ने कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ चिकित्सकों से आग्रह करते हुए कहा कि आप ही से पटना चल रहा है. वैसे सरकारी मेडिकल कॉलेज हैं, हम उन्हें पीपीपी मोड पर लाना चाहते हैं.इसके लिए पॉलिसी बनाने काम किया जा रहा है. हम चाहते हैं कि बिहार के ही चिकित्सक हमारे मेडिकल कॉलेज को स्थापित करें, इस परिकल्पना में आप हमें सहयोग करें. एक-एक मेडिकल कॉलेज पर हम 500 करोड़ रू खर्च कर रहें, इसका आउटपुट आना चाहिए. आप यदि अपनापन दिखायेंगे, तो आउटपुट मिलेगा।

# पटना यूनिवर्सिटी में सीएम के कार्यक्रम में हंगामा, छात्र नेताओं ने की जमकर नारेबाजी



**एजेंसी। पटना**
मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना यूनिवर्सिटी में नए एकेडमिक और प्रशासनिक भवन का उद्घाटन करने पहुंचे। उद्घाटन के दौरान छात्र नेताओं ने जमकर हंगामा किया और नारे लगाए। उट के पहुंचने से पहले भी छात्र नेता नारेबाजी कर रहे थे। पटना यूनिवर्सिटी छात्र संघ के अध्यक्ष शांतनु शेखर ने कहा कि इस कार्यक्रम के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं दी गई थी और कुलपति को भी इसके लिए आमंत्रित नहीं किया गया। हंगामे के चलते मुख्यमंत्री ने अपने कार्यक्रम को केवल 7-8 मिनट में समाप्त किया और वहां से निकल गए। छात्र संघ अध्यक्ष शांतनु शेखर कॉलेज गेट पर ताला लगाने पहुंचे थे, लेकिन उन्हें ताला लगाने से रोका गया। उन्होंने कहा कि वह विश्वविद्यालय के अध्यक्ष के रूप में छात्रों के हित में अपनी बातें रखेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय सिंह और शिक्षा मंत्री सुनील सिंह ने भी छात्रों को समझाने की कोशिश की, लेकिन छात्र नहीं माने। डीएम त्यागराजन ने भी छात्रों को शांत करने का प्रयास किया। हालांकि, कुछ छात्र मुख्यमंत्री के समर्थन में भी नारेबाजी करते दिखे। "देखो-देखो कौन आया, शेर आया-शेर आया" और "बिहार का मुख्यमंत्री कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो" के नारे लगे। कुछ छात्र हाथ में पोस्टर लेकर खड़े रहे, जिस पर लिखा था–"हम छात्रों का अभिमान" और नीतीश कुमार की फोटो लगी थी। बता दें कि पटना यूनिवर्सिटी के नए प्रशासनिक और एकेडमिक भवन (कला संकाय) का निर्माण 147.29 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। प्रशासनिक भवन जी+8 और एकेडमिक भवन जी+9 है। उद्घाटन के बाद नए प्रशासनिक ब्लॉक में विश्वविद्यालय का मुख्यालय शिफ्ट होगा और एकेडमिक भवन में दरभंगा हाउस से सभी पीजी विभाग शिफ्ट होंगे। इसके साथ ही वाणिज्य कॉलेज फिलहाल दरभंगा हाउस में शिफ्ट किया जाएगा। इन दोनों भवनों का निर्माण बिहार एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा तीन एकड़ में किया गया। कुलपति प्रो. नमिता सिंह ने बताया कि हर फ्लोर पर सीसीटीवी कैमरा, कंट्रोल रूम, शुद्ध पेयजल, मीटिंग हॉल, सेमिनार हॉल और अन्य सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध रहेंगी।

# बिहार में तस्करी का नया ट्रेंड: हाइड्रो केमिकल के नाम पर कुरियर से मंगाई गई 16 लाख की शराब



**एजेंसी। पटना**
बिहार में शराबबंदी के बावजूद तस्करी के नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं। ताजा मामला राजधानी पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र का है, जहां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से करीब 16 लाख रुपये मूल्य की 881 लीटर शराब बरामद की है। इस पूरे मामले में चौंकाने वाली बात यह है कि शराब को कुरियर के माध्यम से हाइड्रो केमिकल के नाम पर मंगाया गया था, ताकि किसी को शक न हो। घटना करबिगहिया ट्रैफिक पोस्ट के पास की है, जहां शनिवार रात लगभग 10:49 बजे ट्रैफिक पुलिस की टीम नियमित जांच में जुटी थी। इसी दौरान एक संदिग्ध पिकअप वाहन को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखते ही चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। इस हरकत से पुलिस का शक और गहरा गया। मौके पर तैनात महिला सिपाही संगीता ने वाहन में रखे कार्टनों को देखकर संदेह जताया और तुरंत इसकी सूचना जक्कनपुर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही गश्ती दल मौके पर पहुंचा और पिकअप वाहन को अपने कब्जे में लेकर थाने ले जाया गया। जब कार्टनों की जांच की गई, तो उसमें भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। कुल 881 लीटर शराब अलग-अलग पैकेजिंग में छिपाकर रखी गई थी, जो प्रथम द्दष्टया चंडीगढ़ में निर्मित बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ कि शराब को सीधे कुरियर के जरिए पटना मंगाया गया था। कार्टनों पर हाइड्रो केमिकल लिखा गया था, ताकि यह लगे कि अंदर कोई रासायनिक पदार्थ है। इस तरीके से तस्करों ने जांच एजेंसियों को गुमराह करने की कोशिश की। पुलिस को शक है कि यह एक संगठित नेटवर्क का हिस्सा है, जो बिहार में शराबबंदी कानून को धता बताकर बड़े पैमाने पर अवैध सप्लाई कर रहा है। इस मामले में पुलिस ने मेहंदीगंज निवासी 23 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने बताया कि शराब की यह खेप पटना सिटी इलाके में डिलीवर की जानी थी।

# बिहार में गैस की ब्लैकमार्केटिंग के खिलाफ जिला प्रशासन सख्त छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में एलपीजी सिलेंडर जब्त





**एजेंसी। पटना**
बेतिया में एलपीजी गैस की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। नगर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर छापेमारी अभियान चलाया गया, जिससे अवैध भंडारण और आपूर्ति पर निगरानी बढ़ाई गई है। जानकारी के अनुसार, मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के मद्देनजर गैस आपूर्ति पर विशेष नजर रखी जा रही है, ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। प्रशासनिक टीम ने स्टेशन चौक स्थित वृंदावनवाला होटल में छापेमारी की, जो नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया से जुड़ा बताया जा रहा है। छापेमारी के दौरान करीब 80 खाली एलपीजी सिलेंडर बरामद किए गए, जिनके अवैध भंडारण की आशंका जताई जा रही है।प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, होटल संचालक से सिलेंडरों के वैध कागजात मांगे गए हैं। कागजात प्रस्तुत करने के लिए दो घंटे का समय दिया गया है। यदि आवश्यक दस्तावेज नहीं दिए जाते हैं, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, होटल संचालक एवं महापौर गरिमा देवी सिकारिया के पति रोहित सिकारिया ने सफाई देते हुए कहा कि ये खाली सिलेंडर होली से पहले के हैं, जिन्हें वेंडर द्वारा नहीं उठाया गया था। उन्होंने इस कार्रवाई को राजनीतिक साजिश बताते हुए खुद को बदनाम करने का आरोप लगाया है। इसके अलावा शहर के विभिन्न हिस्सों, खासकर विवाह भवनों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कई जगहों पर बिना अनुमति के गैस सिलेंडर रखे पाए गए। प्रशासन ने बरामद सिलेंडरों को जब्त कर लिया है और संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, प्रशासन ने आम लोगों को आश्वस्त किया है कि गैस की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि इस पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सके।

# बिहार में बनारस जैसा नजारा! पटना के घाटों पर शुरू होगी भव्य गंगा महाआरती



**एजेंसी। पटना**
वाराणसी की पहचान सिर्फ मंदिरों से नहीं, बल्कि गंगा घाटों पर होने वाली भव्य महाआरती से भी है। हर रोज शाम को होने वाली इस दिव्य आरती को देखने के लिए देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। अब इसी तर्ज पर बिहार में भी गंगा घाटों पर महाआरती का आयोजन शुरू होने जा रहा है, जिससे यहां भी आध्यात्मिक और पर्यटन माहौल को नई पहचान मिलेगी। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम (BSTDC) की पहल पर यह खास आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य न केवल श्रद्धालुओं को एक आध्यात्मिक अनुभव देना है, बल्कि राज्य में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देना है। लंबे समय से ऐसी मांग उठ रही थी कि बिहार में भी बनारस की तरह गंगा आरती शुरू की जाए, जिसे अब हकीकत में बदला जा रहा है। पहले चरण में पटना के दो प्रमुख घाटों को इस योजना के लिए चुना गया है। इनमें मित्तन घाट और पर्यटन घाट शामिल हैं। इन घाटों पर गंगा महाआरती को नियमित रूप से आयोजित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। निगम की ओर से इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है। इच्छुक उद्यमियों से प्रस्ताव मांगे गए हैं, जो इस आयोजन को पेशेवर तरीके से संचालित कर सकें। टेंडर की शर्तों के अनुसार, चयनित एजेंसी को एक लाख रुपये की सुरक्षा राशि जमा करनी होगी और पूरे आयोजन की जिम्मेदारी संभालनी होगी। गंगा महाआरती को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए कई तरह की व्यवस्थाएं की जाएंगी। इसमें घाट की सजावट, फूल-मालाएं, पूजा सामग्री, योग्य ब्राह्मणों की व्यवस्था, लाइटिंग और साउंड सिस्टम शामिल होंगे। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैठने और सुरक्षा के भी इंतजाम किए जाएंगे। इस आयोजन को बनारस की तर्ज पर तैयार किया जाएगा, जहां मंत्रोच्चार, दीपों की श्रृंखला और भक्ति संगीत के बीच गंगा आरती का दिव्य द्दश्य लोगों को आध्यात्मिक अनुभव कराएगा।

## अन्य जिलों में भी विस्तार की योजना

पटना में सफल शुरूआत के बाद इस योजना को राज्य के अन्य जिलों तक भी विस्तारित किया जाएगा। खासतौर पर भागलपुर और बक्सर जैसे गंगा किनारे बसे शहरों में भी महाआरती आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। इससे पूरे बिहार में धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। पहले से ही सीढ़ी घाट (बख्तियारपुर), सुल्तानगंज और हाजीपुर में भी छोटे स्तर पर गंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसे अब और व्यवस्थित और भव्य रूप देने की योजना है।

## क्या है इसका उद्देश्य?

इस पहल के पीछे दो मुख्य उद्देश्य हैं—पहला, लोगों की धार्मिक आस्था को सम्मान देना और दूसरा, बिहार में पर्यटन को बढ़ावा देना। गंगा महाआरती जैसे आयोजन से न केवल स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा, बल्कि बाहर से आने वाले पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी। इसके अलावा, इस आयोजन के माध्यम से गंगा की स्वच्छता और पवित्रता के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने का भी प्रयास किया जाएगा। सरकार चाहती है कि लोग गंगा को केवल आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि स्वच्छ और संरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी समझें। कुल मिलाकर, बिहार में गंगा घाटों पर महाआरती की शुरूआत राज्य के धार्मिक और पर्यटन नक्शे को नई पहचान देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। आने वाले समय में यह आयोजन बनारस की तरह ही बिहार की नई पहचान बन सकता है।

# पटना में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई 128 नशीले इंजेक्शन के साथ 2 गिरफ्तार

**एजेंसी। पटना**
बिहार में 10 साल से शराबबंदी लागू है। शराब बंद होने के बाद सुखा नशा का प्रचलन काफी बढ़ गया है। बिहार का ऐसा कोई इलाका नहीं बचा है जहां स्मैक, अफीम, गांजा, ड्रग्स, सुलेशन, व्हाइटनर, नशीला इंजेक्शन का सेवन लोग नहीं करते होंगे। नशेड़ियों ने बिहार को उड़ता पंजाब बना दिया है। हालांकि पुलिस नशे के कारोबारियों पर नकेल कसने का काम भी कर रही है। पटना में नशे के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। 128 नशीले इंजेक्शन के साथ 2 धंधेबाजों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पटना में अवैध नशीली दवाओं के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। चित्रगुप्तनगर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर पुलिस ने नशीले इंजेक्शन की बिक्री कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि राजेन्द्रनगर सब्जी मंडी पुल के नीचे कुछ लोग अवैध रूप से नशीली दवाओं की बिक्री कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) की निगरानी में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की, जहां से 128 पीस नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए। कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया।